# उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो में लगेंगे 300 स्टाल

- प्रदेश को अग्रणी बनाने को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा आयोजन
- देश-विदेश की कंपनियां आ रहीं व्यापार व विनिर्माण को मिलेगी गति

**जागरण संवाददाता, लखनऊ** : प्रदेश में व्यापार व विनिर्माण को गति देने और यूपी को अग्रणी बनाने के लिए उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो (यूपीआइटीएक्स) 2024 का आयोजन पीएचडी चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री उत्तर प्रदेश चैप्टर कराने जा रहा है। 25 से 29 जनवरी तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में पांच दिवसीय एक्सपो लगेगी। सह अध्यक्ष यूपी चैप्टर राजेश निगम ने बताया कि ये द्वितीय संस्करण होगा।

गोमतीनगर के पीएचडी हाउस में यूपीनेडा के अधिकारियों व प्रदेश के प्रमुख उद्यमियों के साथ सोमवार को बैठक हुई। निगम ने पत्रकारों से कहा कि एक्सपो का उद्देश्य राज्य में व्यापार और विनिर्माण को गति देना व यूपी को सबसे अग्रणी राज्य के रूप में प्रस्तुत करना है। यूपी निवेश के लिए आकर्षक स्थल है। यूपीआइटीएक्स प्रदेश को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य में योगदान देगा। आयोजन उत्तर भारत में सबसे बड़े प्रदर्शनियों में से एक होगा, इसमें एग्री फूड एंड फार्म, आर्चीबिल्ड, लाइफस्टाइल एंड कंज्यूमर एक्सपो और फैशन स्ट्रीट एंड फर्नीचर सौर ऊर्जा और आटोमोबाइल आदि एक्सपो में शामिल होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि यूपीआइटीएक्स राज्य के व्यापार और वाणिज्य को बढ़ाने के लिए तुर्की, थाईलैंड, इंडोनेशिया, अफगानिस्तान, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, छत्तीसगढ़ से 300 से अधिक घरेलू और विदेश के प्रदर्शकों की भागीदारी का गवाह बनेगा।



पीएचडी हाउस में पीएचडी चेंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित बैठक को संबोधित करते अतुल श्रीवास्तव • जागरण

यूपीआइटीएक्स एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार अवसंरचना व औद्योगिक विकास विभाग आइआइडीडी इन्वेस्ट यूपी, उत्तर प्रदेश सरकार, खादी ग्राम उद्योग, जेकेटीपी, नाबार्ड, सिडबी, एसबीआइ भी भाग ले रहे हैं। क्षेत्रीय निदेशक उत्तर प्रदेश चैप्टर पीएचडीसीसीआइ अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि पीएचडीसीसीआइ नेशनल एपेक्स चैंबर 118 वर्षों से उद्योग, व्यापार और उद्यमिता को बढ़ावा देने में उत्प्रेरक के रूप में कार्य कर रहा है। मोहम्मद फरहान ने बताया कि आयोजन में रोजाना सांस्कृतिक संध्या भी होगी। यहां पर सुदीप गोयनका और आदित्य झुनझुनवाला ने यूपीआइटी एक्स द्वितीय संस्करण में अधिक से अधिक लोगों से जुड़ने का अनुरोध किया।